# डीकंट्रोल हो शुगर सेक्टर: रंगराजन



[ विशेष संवाददाता *नई दिल्ली* ]

**प्रधानमंत्री की** आर्थिक सलाहकार परिषद (पीएमईएसी) के अध्यक्ष सी. रंगराजन की अगुवाई वाली कमिटी ने चीनी को डीकंट्रोल यानी सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने और मिलों को खुले बाजार में चीनी बेचने की आजादी देने की सिफारिश की है। प्रधानमंत्री को सौंपी रिपोर्ट में कमिटी ने कहा है कि मार्केट परिस्थितियों को देखते हुए बेहतर है कि लेवी चीनी प्रणाली को खत्म कर दिया जाए। लेवी चीनी प्रणाली के तहत चीनी मिलों को अपने उत्पादन का 10 प्रतिशत हिस्सा सस्ती दर पर सरकार को बेचना पड़ता है। सरकार इसे राशन की दुकानों में भेजती है।

अभी चीनी के उत्पादन से लेकर वितरण तक पर सरकार का नियंत्रण है। चीनी मिलें चीनी की वही मात्रा खुले बाजार में बेच सकती हैं जो खाद्य मंत्रालय तय करता है। कमिटी ने कहा है कि चीनी सेक्टर को पूरी तरह से मार्केट के सहारे छोड़ दिया जाए। ऐसा चरणबद्ध ढंग यानी दो से तीन सालों में किया जा सकता है।